इकोनॉमिक कॉरिडोर. मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के प्रथम चरण का ग्राम नैनोद, जिला इंदौर में आयोजित भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होने इस परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि..

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह प्रेस की स्वतंत्रता पहलों को प्रोत्साहित करने और विकसित करने तथा विश्व स्तर पर प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने का अवसर है। इस वर्ष का विषय - शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता से ही लोकतंत्र, सामाजिक एकता एवं देश की प्रगति के प्रयासों को गति व दिशा मिलती है।

नीट परीक्षा

स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट यूजी आज आयोजित की जा रही है। परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई जो शाम 5 बजे समाप्त होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी वर्ष 2019 से नीट यूजी परीक्षा का आयोजन कर रही है। एजेंसी ने उम्मीदवारों के लिए विशिष्ट दिशानिर्देश जारी किए थे।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में अब तक 6 लाख 91 हजार किसानों से करीब 35 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है. इसके लिए किसानों को 5 हजार 462 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है। किसानों की सुविधा को देखते हुए गेहूं उपार्जन की अवधि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई तक कर दी गई है। सरकार 2 हजार 585 रुपये समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस मिलाकर कुल 2 हजार 625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रही है।

जबलपुर- क्रूज हादसा

जबलपुर जिले में बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि जबलपुर के बरगी क्रूज हादसे में आज सुबह 2 और शव निकाले गए।

एमपी बोर्ड-द्वितीय परीक्षा

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी की द्वितीय परीक्षा सात मई से शुरू हो रही है। परीक्षार्थी अपना एडमिट कार्ड एमपी ऑनलाइन के पोर्टल **www.mpbse.mponline.gov.in** पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट मेंए आज हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से दोपहर साढे तीन बजे होगा। एक अन्य मैच में अहमदाबाद मेंए गुजरात टाइटन्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

मौसम

प्रदेश में पड़ रही तेज गर्मी के बीच कहीं कहीं गरज चमक के साथ आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। प्रदेश में यह स्थिति 6 मई तक बनी रह सकती है। विभाग ने आज प्रदेश के 27 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

समाचार संक्षेप में:-

s प्रदेश में कल रात प्रशासनिक बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने 62 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं।

s बड़वानी मे 9 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। लोक अदालत का डोर. टू. डोर एवं लीगल एड क्लीनिक में प्रचार.प्रसार करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

s शिवपुरी जिले में समस्त राजस्व अधिकारियों को उपार्जन व्यवस्था की कड़ी निगरानी के लिए निर्देश दिए हैं। इस दौरान समस्त राजस्व अधिकारियों द्वारा टोकन वितरणए बारदाना की उपलब्धताए गेहूं का परिवहनए भुगतान और गेहूं के गुणवत्ता की जानकारी ली जा रही है।

s आगरमालवा मे यातायात जागरूकता अभियान के तहत ट्रैक्टर.ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए तथा किसानों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए भी जागरूक किया।।